ठगी गई 2.14 लाख की धनराशि वापस कराई

कार्रवाई

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन महीने में पीड़ित के ठगी से लिए गए दो लाख 14 हजार रुपए वापस करा दिये। इसके साथ ही अन्य रुपए की वापसी का प्रयास किया जा रहा है।

गिलौला थाने के तिलकपुर निवासी अम्बरेश कुमार आर्य पुत्र रक्षा राम आर्य ने 21 दिसम्बर 2024 को गिलौला थाने में तहरीर दी थी कि ठगों ने शेयर मार्केट में अच्छा मुनाफा देने के लालच में उससे रुपए ठग लिए। कोई लाभ न मिलने पर रुपए वापस मांगने लगा तो ठगों ने मोबाइल बंद कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को साइबर क्राइम थाने के सुपुर्द कर दिया। एसपी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना गौरव सिंह की ओर से विवेचना की जा रही थी। साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित विवेचना कर बैंक खाते से साइबर अपराधियों की ओर से धोखाधड़ी कर ठगे गए ₹2,14,196 रुपए की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराया। इसके साथ ही मामले की विवेचना की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुछ पैसे अभी वापस कराया जाना बाकी है। उसे भी वापस कराने का प्रयास किया जा रहा है।

बिंदू यादव की वर्दी पर स्टार लगाकर पदोन्नति देते एसपी घनश्याम चौरसिया व एएसपी प्रवीण कुमार यादव • जागरण

चार पुलिस कर्मियों की हुई पदोन्नति

जासं • श्रावस्तीः पुलिस कार्यालय व पुलिस लाइन में तैनात चार पुलिस कर्मियों को मंगलवार को पदोन्नति दी गई है। एसपी घनश्याम चौरसिया व एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने आरक्षियों की वर्दी पर स्टार लगाकर उन्हें मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति दी।

एसपी कार्यालय में तैनात आरक्षी राजेंद्र कुमार, महिला आरक्षी बिंदू यादव, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी वेदानंद मिश्रा व अरुण कुमार उत्तम को मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नति दी गई है। एसपी ने पदोन्नति पाए कर्मचारियों से नियुक्ति स्थान के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि पदोन्नति कर्मचारी की मेहनत व कर्तव्यनिष्ठ से प्राप्त होती है।